प्रारूप–11

## ( NOTE FOR JUSTIFICATION) वनभूमि की मांग का औचित्य

**कार्य का नाम :– प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खंड भिलंगना में घनसाली घुत्तु मोटर मार्ग के किमी0 13 से कोठार गांव मोटर मार्ग स्टेज–प्रथम का वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मन्त्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और उत्पादन रोजगार अवसरों के अधिक मात्रा में सृजन एंव स्थायी से गरीबी निवारण करने के उद्देश्य से पर्वतीय क्षेत्र में 250 से अधिक आबादी वाले असंयोजित बसावटो को किसी भी बारामासी सम्पर्क मार्ग से जोड़ने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। जिसमें प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी के भिलंगना ब्लाक में ग्राम कोठार कोड संख्या 134 (सेन्सशकोड 00277200) जनसंख्या 405 मोटर मार्ग से जोडने हेतु घनसाली घुत्तु मोटर मार्ग के किमी0 13.00 से कोठार गांव मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस हेतु ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखंड शासन देहरादून के पत्र संख्या 5610 / पी0–3 / 14(Hab) / यू0आर0आर0डी0ए0 / 18 दिनांक 31 जनवरी 2018 के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थय, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, व गांव की पैदा होने वाली नकदी फसल को बाजार तक न पहुँचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। राजस्व ग्राम कोठार के अन्तर्गत गंजेठा, लसोडा, गजोगाठ नामक तीन तोक है। ग्राम कोठार, गंजेठा, लसोडा, गजोगाठ के बच्चे प्राथमिक विद्यालय कोठार में पढ़ते है इसलिए मोटर मार्ग को प्राथमिक विद्यालय कोठार / लसोडा तक जोडा जाना है।

मोटर मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प न होने के कारण यह मार्ग आरक्षित वन भूमि के अन्तर्गत 1.275 किमी0, 0.875 किमी0 सिविल वनभूमि तथा ग्रामीणों की सहमति से 1.450 किमी0 नाप भूमि में निर्मित होकर ग्राम कोठार के प्राथमिक विद्यालय तक निर्मित किया जाएगा।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। तदनुसार ही वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन कर वनभूमि हस्तान्तरण की अनुमति हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|
| पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड–III | पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड–III | पी.एम.जी.एस.वाई. खण्ड–III |
| लो0नि0वि0, नई टिहरी | लो0नि0वि0, नई टिहरी | लो0नि0वि0, नई टिहरी |

के0 एस0 नगवाण
राजस्व उप निरीक्षक
क्षेत्र ...... टि0 ग0
तहसील घनसाली

उप जिलाधिकारी
घनसाली

तहसीलदार
घनसाली
टिहरी गढ़वाल
प्रतिहस्ताक्षरित

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी

वन क्षेत्राधिकारी
भिलंगना रेंज, घनसाली
टि0 वन प्र0 नई टिहरी

Scanned by CamScanner